# University in News on 25 December 2023

## TOI PAGE 3

# LU course for capacity building of teachers

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Malviya Mission Teacher Training Centre of the Lucknow University organized an online refresher course in psychology and physical education.

It was a two-week online course but the lectures were live and participants had to attend full-time. The theme of the course was 'Capacity building among higher education teachers in the light of NEP-2020'.

**NEP-2020**

In the inaugural session, Prof Harikesh Singh from Banaras Hindu University presented the topic 'Continuing professional development of teachers in higher education in India as per the expectations of NEP-2020'.

Akanksha Singh from LU's education department coordinated the course.

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# शिक्षा के नए तरीकों से समाज को लाभान्वित करने के विशेषज्ञों ने दिए मंत्र



स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की क्षमता और बेहतर करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षा, मनोविज्ञान और शारीरिक शिक्षा पर दो सप्ताह का एक पुनश्चर्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में आयोजित इस पाठ्यक्रम में उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के शिक्षकों ने आनलाइन भागीदारी की। पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन लविवि के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेण्टर ने किया था। रिफ्रेशर कोर्स में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को गहराई से समझाया गया और बताया गया कि किस तरह समाज के सभी वर्गों को शिक्षा से लाभान्वित किया जाए, शिक्षा और शिक्षक अपनी पूरी क्षमता का प्रयोग करते हुए कैसे समाज को लाभान्वित करें। रिफ्रेशर में शिक्षा के नए तरीकों के बारे में भी विशेषज्ञों ने बताया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने रिफ्रेशर कोर्स में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे यहां से प्राप्त ज्ञान को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाएंगे। कुलपति प्रो.आलोक कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शिक्षकों और छात्रों के स्किल डेवलपमेंट के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। कुलपति के प्रयासों का ही नतीजा है कि लविवि निरंतर प्रगति कर रहा है। इसी क्रम में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर,लविवि ने 11 से 23 दिसंबर तक शिक्षा, मनोविज्ञान और शारीरिक शिक्षा में एक ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन किया। यह एक ऑनलाइन पाठ्यक्रम था लेकिन व्याख्यान लाइव थे और प्रतिभागियों को इसमें पूर्णकालिक रूप से उपस्थित रहना था। पाठ्यक्रम का विषय एनईपी-2020 के आलोक में उच्च शिक्षा शिक्षकों के बीच क्षमता निर्माण था। यह दो सप्ताह का कोर्स था। इस पाठ्यक्रम में 51 उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतिभागी उच्च शिक्षा के विभिन्न संस्थानों से थे, जोकि उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों से थे। उच्च शिक्षा और एनईपी-2020 से संबंधित विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर 33 विषय विशेषज्ञों ने 44 ऑनलाइन सत्रों में विचार-विमर्श किया। यह कार्यक्रम इस मायने में विशिष्ट था कि इसने भारत के 11 विभिन्न राज्यों और 20 विश्वविद्यालयों के रिसोर्स पर्सन्स को एक मंच पर जोड़ा।

# प्रो.एस.एन. पांडे महान वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. एस.एन. पांडे को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए हालिया पर्यावरणीय मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिष्ठित महान वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शनिवार को नोएडा में आयोजित सम्मेलन ने पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता को स्वीकार करने और जश्न मनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। प्रो.पांडे को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रो.डीपी सिंह, यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष, बीएचयू के पूर्व कुलपति और वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शैक्षिक सलाहकार द्वारा प्रदान किया गया। प्रो. पांडे को यह पुरस्कार पर्यावरण से संबंधित अनुसंधान, शिक्षण और प्रभावशाली सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5



### लविवि के कुलपति ने की सराहना

कार्यक्रम में लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी पहुंचे। उन्होंने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से हम विभिन्न संस्कृतियों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं। एक ही शहर में हमें अखंड भारत के दर्शन हो गए।

## DAINIK JAGRAN PAGE 14

# लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़े थे मीर

**सेवानिवृत्त एसएसपी की हत्या**

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर :** रिटायर्ड पुलिस अधिकारी मोहम्मद मीर के परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। दिवंगत मीर ने लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई की थी और उनकी सब इंस्पेक्टर पद पर नियुक्ति हुई। शफी मीर के चचेरे भाई मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि वह वारदात के समय घर पर थे। वह लाउडस्पीकर से सुबह की अजान दे रहे थे। अचानक अजान बंद हो गई। उनके अंतिम शब्द रेहम (दया) थे। सभी को लगा कि चक्कर आने के कारण शफी गिर गए होंगे। कुछ देर बाद लोगों को घटना के बारे में पता चला। मीर के कुछ रिश्तेदारों ने दावा किया कि उन्हें चार बार गोली मारी गई थी। बारामुला-उड़ी मार्ग पर गंटमुला में बड़ा सैन्य प्रतिष्ठान है। गंटमुला में आने-जाने के विभिन्न रास्तों पर पुलिस व सेना की अलग-अलग पड़ताल चौकियां हैं। इसके अलावा जिस मस्जिद में आतंकियों ने वारदात को अंजाम दिया है, वह भी सुरक्षा प्रतिष्ठान के निकट है।

## JAGRAN CITY PAGE III

# आनलाइन इंटर्नशिप के लिए 27 तक आवेदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने एम.बी.ए., बी.बी.ए. और बी.काम. के छात्र-छात्राओं को आनलाइन इंटर्नशिप का मौका दिया है। इसके लिए 27 दिसंबर तक गूगल फार्म के लिंक https://forms.gle/FpVtn2RnijQnmsPN6 के माध्यम से आनलाइन आवेदन करना होगा। इंटर्नशिप के दौरान प्रदर्शन के आधार पर कंपनी 12 हजार रुपये तक भत्ता और प्रमाण पत्र भी देगी।

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इंस्प्लोर कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एम.बी.ए (मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस), बी.बी.ए और बी.काम के विद्यार्थी इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।